समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# सिर्फ एक सेकेडं मे दोनों इंजन कैसे हुए बंद ? एअर इंडिया हादसे की रिपोर्ट मे सामने आईं 10 बड़ी बाते ।

Publisher

Published on 12 Jul 2025



**AAIB की रिपोर्ट मे हुंआ खुलासा – टेकऑफ के तुरंत बाद दोनों इंजन अचानक हुए बंद, 260 लोगों की गई जान, पायलटों की बातचीत मे भीं दिखी हैरानी ।**

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद से लंदन जा रही **एअर इंडिया की फ्लाइट VT-ANB** के भीषण हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सामने आ गई है. **12 जून 2025** को हुए इस हादसे में **260 लोगों** की जान चली गई थी. अब विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (AAIB) की रिपोर्ट ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं. सबसे बड़ा सवाल यही है – **आखिर टेकऑफ के कुछ ही सेकंड बाद कैसे दोनों इंजन अचानक "RUN" से "CUTOFF" हो गए ?**

रिपोर्ट के मुताबिक, विमान ने टेकऑफ के बाद जरूरी ऊंचाई हासिल कर ली थी. लेकिन उसी दौरान दोनों इंजनों के फ्यूल कटऑफ स्विच बंद हो गए, जिससे इंजन ने काम करना बंद कर दिया. पायलट और को-पायलट के बीच हुई बातचीत भी रिपोर्ट में दर्ज है, जिसमें दोनों इस बात को लेकर हैरान हैं कि इंजन कैसे बंद हो गए.

**हादसे की जांच मे शामिल एजेसिंयां**

इस गंभीर दुर्घटना की जांच भारत की **AAIB** कर रही है. इसके साथ ही अमेरिका की **NTSB**, ब्रिटेन की **AAIB-UK, पुर्तगाल** और **कनाडा** के विशेषज्ञ भी जांच में शामिल हैं.

एअर इंडिया हादसे की रिपोर्ट से **जुड़ी 10 बड़ी बाते**:

1. **क्या हुआ था उस दिन ?**

**12 जून 2025** को दोपहर **1:39 बजे (IST), एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान (VT-ANB)** अहमदाबाद से **लंदन के**

**गैटविक एयरपोर्ट** जा रहा था. टेकऑफ के कुछ सेकंड बाद ही वह क्रैश हो गया.

2. **कितने लोग मारे गए ?**

हादसे में **229 यात्री, 12 क्रू सदस्य** और **जमीन पर मौजूद 19 लोग – कुल 260 लोग** मारे गए. एक यात्री गंभीर रूप से घायल हुआ.

3. **विमान की स्थिति**

विमान 2012 में बना था और इसमें **GE GENx-1B** इंजन लगे थे. उड़ान से पहले कुछ छोटे तकनीकी मुद्दे थे, लेकिन उन्हें सामान्य श्रेणी में रखा गया था.

4. **विमान कहां गिरा ?**

विमान रनवे से लगभग **1 किलोमीटर दूर जाकर BJ मेडिकल कॉलेज हॉस्टल** से टकराया. दुर्घटनास्थल पर मलबा **1000 x 4000 फीट** में फैला था.

5. **कितना नुकसान हुआ ?**

विमान पूरी तरह जलकर खाक हो गया. आसपास की पांच इमारतों को आग और टक्कर से गंभीर नुकसान पहुंचा.

6. **फ्लाइट रिकॉर्डर से क्या मिला ?**

**ब्लैक बॉक्स से 46 घंटे का डेटा** और **2 घंटे की ऑडियो** बातचीत मिली. एक रिकॉर्डर बुरी तरह क्षतिग्रस्त था, जिससे डेटा नहीं मिल सका.

7. **टेकऑफ और MAYDAY कॉल**

पायलट को टेकऑफ की अनुमति **08:07 UTC** पर मिली. मात्र दो मिनट बाद **08:09 UTC** पर "**MAYDAY**" कॉल दी गई, जिससे पता चलता है कि इंजन बहुत जल्दी फेल हो गए थे.

8. **फ्लाइट का टेक्निकल डिटेल**

विमान का वजन सीमा में था, कोई खतरनाक सामान नहीं था. दोनों पायलट पूरी तरह फिट और ट्रेनिंग प्राप्त थे.

9. **कैसे बंद हुए दोनों इंजन ?**

जांच में सामने आया कि टेकऑफ के तुरंत बाद दोनों इंजनों के **फ्यूल कटऑफ स्विच बंद** हो गए. रिपोर्ट में पायलट की आवाज दर्ज है, जिसमें वह पूछ रहे हैं – "स्विच किसने बंद किया ?" जवाब आया – "मैंने नहीं किया."

10. **आपातकालीन पावर सिस्टम एक्टिव**

इंजन फेल होते ही **ऑटोमैटिक RAT** (**Ram Air Turbine**) चालू हो गई, जो इमरजेंसी पावर देती है. लेकिन तब तक विमान बहुत नीचे आ चुका था और क्रैश हो गया.

**हादसे से जुड़े अहम सवाल**

१. **क्या यह मानव त्रुटि (Human Error) थी ?**

२. **क्या स्वचालित सिस्टम ने खुद से स्विच बंद किए ?**

३. **क्या कोई साइबर ब्रीच हुआ था ?**

इन सवालों के जवाब विस्तृत जांच रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट होंगे

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.